**विकास भारती पब्लिक स्कूल**

**अभ्यास प्रश्न पत्र(2025–26)**

**विषय : हिंदी**

**कक्षा : सातवीं**

**समयावधि – 2 घंटे 30 मिनट** **पूर्णांक–60**

**नोट – 1. सुंदर व स्पष्ट लेख लिखिए।**
**2. प्रश्नपत्र के कुल 4 पृष्ठ तथा 15 प्रश्न हैं।**
**3. सही प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए।**
**4. अतिरिक्त प्रश्नों के उत्तर लिखने पर अंक नहीं दिए जाएँगे।**
**5. वैकल्पिक प्रश्नों में विकल्प संख्या के साथ शब्द भी लिखें अन्यथा अंक नहीं दिए जाएँगे।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **खण्ड – क (पठन कौशल)** | |
| **प्रश्न 1** | | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए।** | |
| | | आधुनिक मानव सभ्यता की बढ़ती आवश्यकताओं के कारण प्राकृतिक संतुलन बदल रहा है तथा प्रदूषण बढ़ रहा है। मानव की आवासीय, औद्योगिक, नगरीकरण व कृषि उत्पादन बढ़ाने की समस्याओं ने प्राकृतिक संतुलन को बिगाड़कर प्रदूषण को बढ़ाया है। यातायात साधनों ने भी प्रदूषण बढ़ाने में सहयोग किया है। वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से वातावरण में ऑक्सीजन की कमी और कार्बन डाई–आक्साइड की वृद्धि हो गई है। इसी प्रकार कूड़ा–कचरा इधर–उधर फेंकने से जल, भूमि, वायु प्रदूषण को बढ़ावा मिला। ज़ोर से संगीत सुनने, हॉर्न बजाने से ध्वनि प्रदूषण बढ़ा। इस प्रकार, किसी भी प्रकार के प्रदूषण को बढ़ाने में कहीं न कहीं मानव का हाथ रहा है। अपने सुखी जीवन के लिए इस प्रदूषण से मुक्ति पानी होगी। नहीं तो आज के प्रदूषित वातावरण में हम अपनी मृत्यु को स्वयं ही निमंत्रण दे रहे हैं। जल सभी प्राणियों एवं पेड़–पौधों के लिए जीवनदायक तत्व है। अब जल प्रदूषित होता जा रहा है। गंगा जैसी पवित्र नदी भी प्रदूषण से मुक्त नहीं है। प्रदूषित जल से हैज़ा, टाइफाइड, पीलिया, आदि रोगों को बढ़ावा मिलता है। प्रदूषण की वृद्धि के लिए मनुष्य ही उत्तरदायी है। अतः इसका निवारण भी उसे ही सोचना होगा। वृक्षारोपण बढ़ाकर, ऊँची आवाज़ वाले वाहनों पर रोक लगाकर, पेयजल को शुद्ध कर मानव अपने जीवन को प्रदूषण मुक्त बना सकता है, तभी मानव जीवन सुखमय हो सकता है। | |
| | क) | **प्रदूषण के विभिन्न प्रकार कौन से हैं?**<br>1. जल, नदी, वायु प्रदूषण 2. जल, आकाश, वायु प्रदूषण<br>3. कूप, जल, ध्वनि, वायु प्रदूषण 4. जल, भूमि, ध्वनि, वायु प्रदूषण | 1 |
| | ख) | **वातावरण में ऑक्सीजन की कमी का क्या कारण है?** | 1 |
| | ग) | **कथन (क)** आधुनिक मानव की बढ़ती आवश्यकताओं के कारण प्राकृतिक संतुलन बदल रहा है।<br>**कारण (ख)** प्रदूषित जल से हैज़ा, टाइफाइड, पीलिया, आदि रोगों को बढ़ावा मिलता है।<br>1. कथन (क) सही है और कारण (ख) गलत है।<br>2. कथन (क) और कारण (ख) दोनों सही हैं।<br>3. कथन (क) गलत है और कारण (ख) सही है। | 1 |
| | घ) | **जीवन को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए दो उपाय लिखिए।** | 2 |
| | | **खण्ड – ख (पूरक पुस्तक)** | |
| **प्रश्न 2** | | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | 1x5=5 |
| | क) | **दिलीप से मिलने कौन आया था?**<br>1) पिता जी 2) चाचा जी 3) दादी जी | |
| | ख) | **पार्वती काकी किसे पसंद नहीं करती थी?** | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 1) रीमी को 2) सीमा को 3) चीमी को | |
| | ग) | **सुनन्दा के माता–पिता की मृत्यु के बाद उसे अपने घर कौन ले आया?**<br>1) रावगुरु 2) मुदालियर 3) गुगु | |
| | घ) | **दिलीप उदास क्यों था?** | |
| | ङ) | **चीमी ने इनाम में क्या माँगा?** | |
| | | **खण्ड – ग (व्याकरण)** | |
| प्रश्न 3 | | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए।** | |
| | क) | **उचित भिन्नार्थक शब्द भरें –**....................ने हवन की ...................अग्नि को बुझा दिया।<br>1) पावन / पवन 2) पवन / पावन | **1** |
| | ख) | **जिसे लज्जा न हो, वह........................कहलाता है।**<br>1) निलज्ज 2) निलर्ज्ज 3) निर्लज्ज | **1** |
| | ग) | 'दयालु' **का विलोम शब्द चुनिए –** 1) दुर्भ 2) निर्दयी 3) दानी | **1** |
| | घ) | **'सुंदर' का जो पर्यायवाची शब्द नहीं है, उसे चुनिए –** 1) संन्यासी 2) मनोहर 3) मंजुल | **1** |
| | ङ) | **'लाल' का अनेकार्थक शब्द चुनिए –** 1) माला 2) पुत्र 3) धन | **1** |
| प्रश्न 4 | | **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।** | |
| | क) | **लोकोक्ति का केवल वाक्य लिखिए –** आधा तीतर, आधा बटेर | **1** |
| | ख) | **मुहावरे का अर्थ लिखिए –** करोगे तो भरोगे | **1** |
| | ग) | **दिए गए वाक्य को संदिग्ध वर्तमान काल में बदलिए –** कल्पना सो रही थी। | **1** |
| | घ) | **'सुंदरतर' शब्द विशेषण की कौन–सी अवस्था है?** | **1** |
| | ङ) | **किया को रेखांकित कर कर्म के आधार पर भेद लिखिए–** आकाश में पक्षी उड़ रहे हैं। | **1** |
| | च) | **दिए गए वाक्य का वाच्य लिखिए –** रोहन जूते साफ़ कर रहा है। | **1** |
| प्रश्न 5 | | **निर्देशानुसार रिक्त स्थान भरिए –** | **1x4=4** |
| | क) | मनीष ,करण........... साहिल पढ़ रहे थे। (समुच्च्यबोधक शब्द) | |
| | ख) | .............यह क्या हो गया। (विस्मयादिबोधक शब्द) | |
| | ग) | तुम मेरे .............क्यों घूमते रहते हो? (स्थानवाचक क्रियाविशेषण शब्द) | |
| | घ) | वह राम .................स्कूल आया था। ( संबंधबोधक शब्द) | |
| | | **खण्ड – घ (रचना कौशल)** | |
| प्रश्न 6 | | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।**<br>1. परिवार का महत्त्व 2. टेलीविजन के लाभ व हानियाँ | **5** |
| प्रश्न 7 | क)<br>ख) | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए।**<br>अपने क्षेत्र में बढ़ती हुई चोरी की समस्या हेतु पुलिस अधिकारी को पत्र लिखिए।<br>अपने विद्यालय की प्रधानाचार्या को शुल्क(फ़ीस) हेतु पत्र लिखिए। | **5** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रश्न 8 | | **किसी एक विषय पर लिखिए।** | **5** |
| | क) | किसी कंपनी की पेंसिल का चित्र सहित आकर्षक विज्ञापन बनाइए। | |
| | ख) | दिए गए चित्र का वर्णन 120 शब्दों में कीजिए।<br> | |
| | | **खण्ड–ड. (वसंत)** | |
| प्रश्न 9 | | **किसने – किससे कहा ?** | **2** |
| | | "आपका विद्यार्थी जीवन कैसा रहा? " | |
| प्रश्न 10 | | **वाक्य बनाइए –** 1) ख्याल 2) अवस्था | **1x2=2** |
| प्रश्न 11 | | **अर्थ लिखिए –** 1) औज़ार 2) वीरवर 3) किंवारे | **1x3=3** |
| प्रश्न 12 | | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** | **1x3=3** |
| | | जागो बंसीवारे ललना!<br>जागो मोरे प्यारे!<br>रजनी बीती, भोर भयो है,घर–घर खुले किंवारे।<br>गोपी दही मथत, सुनियत हैं कंगना के झनकारे।।<br>उठो लालजी!भोर भयो है,सुर–नर ठाढ़े द्वारे। | |
| | क) | इस कविता का नाम लिखिए। | |
| | ख) | इस पद्यांश में 'बंसीवारे' किसे कहा गया है? | |
| | ग) | ब्रज में भोर होते ही गोपियाँ क्या करने लगती हैं? | |
| प्रश्न 13 | | **निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर एक–दो वाक्यों में लिखिए।** | **1x2=2** |
| | क) | धनराज की भाभी का क्या नाम था? | |
| | ख) | वीर कुँवर सिंह की सेना के दो मुख्य सैनिकों के नाम लिखिए। | |
| | ग) | आरंभ में आश्रम में कितने लोगों के आने की संभावना थी? | |
| प्रश्न 14 | | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए।** | **2x3=6** |
| | क) | वीर कुँवर सिंह के व्यक्तित्व की किन्हीं दो विशेषताओं का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए ? | |
| | ख) | 'आश्रम का अनुमानित व्यय' पाठ में गाँधी जी पुस्तकालय में कितनी पुस्तकें रखना चाहते थे तथा उन्होंने रसोई के आवश्यक सामान पर कितने रुपये खर्च होने का अनुमान लगाया ? | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **ग)** | पाठ 'भोर और बरखा' के आधार पर ब्रज की भोर का वर्णन कीजिए? | |
| | **घ)** | साक्षात्कार पढ़कर आपके मन में धनराज की कैसी छवि उभरती है, विस्तार से लिखिए। | |
| **प्रश्न 15** | | **पढ़ाई–लिखाई के साथ–साथ खेल–कूद का हमारे जीवन में क्या महत्त्व है, पाठ 'संघर्ष के कारण मैं तुनुकमिज़ाज बन गया' के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।** | **2** |

==============================